छात्राओं / अभिभावकों के लिए सूचना

12 मई 2026

भारत सरकार द्वारा जनगणना प्रक्रिया के अंतर्गत स्व-गणना (Self-Enumeration) की सुविधा प्रदान की गई है। आप सभी से अनुरोध है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने परिवार का विवरण पोर्टल (https://se.census.gov.in/) पर दर्ज करें।

महत्वपूर्ण निर्देश:

1. स्व-गणना की अवधि: भारत सरकार द्वारा निर्धारित समय के अनुसार। (उत्तर प्रदेश: 07 से 21 मई 2026)
2. आधिकारिक पोर्टल: जनगणना के आधिकारिक वेब पोर्टल पर जाकर जानकारी भरें।
3. आवश्यक दस्तावेज: आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र एवं परिवार के सदस्यों का विवरण तैयार रखें।

स्व-गणना की प्रक्रिया:

1. आधिकारिक पोर्टल (https://se.census.gov.in/) पर अपना मोबाइल नंबर पंजीकृत करें।
2. प्राप्त ओटीपी के माध्यम से लॉगिन करें।
3. मांगी गई सभी जानकारियां (जैसे- शिक्षा, व्यवसाय, आवास विवरण आदि) सही-सही भरें।
4. विवरण भरने के बाद 'सबमिट' करें और प्राप्त रसीद/संदर्भ संख्या को भविष्य के लिए सुरक्षित रखें।

जनगणना राष्ट्र के विकास और भविष्य की योजनाओं के निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसमें आपकी भागीदारी अनिवार्य और सराहनीय है।

सहयोग के लिए धन्यवाद।

प्राचार्य